राज्यपाल सचिवालय,

उत्तर प्रदेश।

संख्या : जी– 3714 /जी0एस0

दिनांक : सितम्बर 22 , 2020

विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0), कम्प्यूटर प्रकोष्ठ, राजभवन, लखनऊ।

कृपया निर्देशानुसार राज्यपाल सचिवालय स्थित स्टोर में निष्प्रयोज्य सामग्री की दिनांक 08 अक्टूबर, 2020 को पूर्वाहन 11.30 बजे होने वाली नीलामी से संबंधित संलग्न सूचना (शर्ते एवं नियम) एवं निष्प्रयोज्य उपकरणों की सूची राजभवन, उ0प्र0 की वेबसाईड **www.upgovernor.gov.in** पर डलवाने का कष्ट करें।

( बद्री नाथ सिंह )
विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, ,उ0प्र0

संलग्नक : यथोपरि।

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ--226027
### शर्ते एवं नियम

1. नीलामी "जहां है जैसा है" के आधार पर होगी।

2. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को रू0 1,500.00 (रूपये एक हजार पॉच सौ) मात्र की जमानत राशि नगद दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 को सॉय 04.00 बजे तक कोषाध्यक्ष, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, गेट नं0–9, सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ के पास जमा करनी होगी । नीलामी के उपरान्त यह धनराशि उच्चतम बोलीदाता द्वारा आवश्यक धनराशि जमा करने के उपरान्त अन्य बोलीदाताओं को वापस कर दी जायेगी। नीलामी दिनांक 08 अक्टूबर, 2020 को पूर्वाहन 11.30 बजे राज्यपाल सचिवालय स्थित प्रांगण में की जायेगी।

3. उच्चतम बोलीदाता को तुरन्त पूर्ण धन का 50 प्रतिशत जमा करना होगा। अधिकतम बोली दाता द्वारा अगर निर्देशानुसार धन जमा नहीं किया जाता है तो जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय अधिकतम बोलीदाता के पक्ष में प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा। शेष धनराशि सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति के उपरान्त जमा करनी होगी। अधिकतम बोली पर लगने वाला जी0एस0टी0 को उच्चतम बोलीदाता को स्वयं जमा करना होगा एवं उक्त चालान की प्रति कार्यालय में जमा करनी होगी।

4. नीलामी की स्वीकृति का पूर्ण अधिकार अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 को होगा। नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त भी किया जा सकता है।

5. नीलामी मूल्य जिसमें नियमानुसार देय कर भी अलग से देय होगा। स्वीकृति के उपरान्त समस्त सामग्री को "जहां है जैसा है" के आधार पर सम्पूर्ण धन कर सहित जमा कराने के उपरान्त सात दिन के अन्दर कार्य स्थल से हटाना होगा अन्यथा मूल्य का 02 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त अधिभार लगाया जायेगा।

6. सामग्री का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सॉय 05.00 बजे के मध्य राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, गेट नं0–9, सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ स्थित स्टोर में किया जा सकता है।

7. नीलामी खोलने की तिथि को यदि अवकाश घोषित हो जाता है तो ऐसी स्थिति में नीलामी अगले कार्य दिवस में होगी।

8. बोलीदाता एवं नीलामी समिति के मध्य विवाद की स्थिति में अध्यक्ष, नीलामी समिति का निर्णय अंतिम होगा।

9. बोलीदाता एवं राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 के मध्य कानूनी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र लखनऊ (उ0प्र0) ही होगा।

10. बोलीदाता के जमानत धनराशि जमा करने पर यह माना जायेगा कि उसे उपरोक्त सभी शर्ते एवं नियम स्वीकार हैं।

( बद्री नाथ सिंह )
विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, , उ0प्र0

## राज्यपाल सचिवालय स्थित स्टोर में पड़ी निष्प्रयोज्य सामग्रियों की सूचीः–

| क्रम | सामग्री का नाम | क्रय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पैनासोनिक फैक्स मशीन<br>केएक्स एफपी 701सीएक्स | 16.3.2017 | | |
| 2 | शार्प फैक्स मशीन<br>एफओ पी610 77108994 | 5.2.2008 | | |
| 3 | रोटो पेपर शेडर<br>रोटो100 सीसी 4X25<br>सीरियल नं0 000290ए | 17.05.2006 | | |
| 4 | टोरस पेपर शेडर<br>रोटो एस 100 सीसी 4X25<br>सीरियल नं0 000130ए | 17.07.2006 | | |
| 5 | फोटो स्टेट मशीन | 31.12.2007 | | |
| 6 | कैमरा | 24.09.2012 | | |
| 7 | फलोपी ड्राईव अटैचमेंट | 11.12.1992 | | |
| 8 | फोटो स्टेट मशीन<br>गोदरेज जी–1508 | 30.03.2004 | | |
| 9 | फोटो स्टेट मशीन<br>5821 IV जीराक्स | 30.03.2005 | | |
| 10 | फोटो स्टेट मशीन<br>5821 IV जीराक्स | 29.05.2006 | | |
| | | | | |